


दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

■ न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे ■
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 152 ● मुंबई, गुरुवार 30 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### कोटड़ा पुलिस की कार्रवाई: 29 किलो अवैध गांजा जब्त



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत डीएसटी और थाना कोटड़ा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर 29 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया। डीएसटी प्रभारी श्याम सिंह रल्लू और कोटड़ा थानाधिकारी रामरुप मीना के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर गांव बडली में भोजिया पुत्र केसरा के मकान के पास खेत में मक्की की फसल के बीच छुपाया गया गांजा बरामद किया। आरोपी भोजिया मौके से फरार हो गया, जिसके खिलाफ थाना कोटड़ा में एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण की अग्रिम जांच पानरवा थानाधिकारी धनपत सिंह कर रहे हैं। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट है।

### शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की प्रतिमा पर किया जायेगा पुष्पार्पण

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि जिले में शहीद दिवस के अवसर पर गुरूवार 30 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर रामधुनि व गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन किया जाएगा। शहीद दिवस के अवसर पर 2 मिनट का मौन धारण किया जाएगा।

### डॉ. जोशी को मिला सीटीएई अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं अभियांत्रिकी विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालय,में अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार डॉ सुनील जोशी को बुधवार को सौंपा गया। विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार ने एक आदेश जारी कर वर्तमान में विश्वविद्यालय में प्लानिंग एवं मॉनिटरिंग निदेशक के पद पर कार्यरत डॉ जोशी को यह दायित्व सौंपा है। पूर्व में डॉ.जोशी सीटीएई कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। प्रोफेसर जोशी के पास 30 वर्षों का अध्यापन एवं अनुसंधान के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। उन्होंने वायरलेस संचार, आईटी सेंसर और रोबोटिक्स के क्षेत्र में नवीन तकनीकों को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ जोशी के द्वारा कृषि क्षेत्र में डिजिटल टेक्नोलॉजी के उपयोग हेतु कई नवाचारों को प्रतिपादित भी किया है। वायरलेस संचार के क्षेत्र में डॉ जोशी ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है।

### कलाविद् भूपेन्द्र मल्हारा ने गांधीजी की स्मृतियों का किया संग्रह



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शहर के कलाविद् एवं सिक्कों, संगीत उपकरणों एवं अन्य एंटिक वस्तुओं के संग्रहकर्ता भूपेन्द्र मल्हारा ने देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति में उनसे जुड़े संस्मरणों एवं विषय वस्तुओं का संग्रह किया है। मल्हारा जी ने महात्मा गांधी के जीवन वृत से जुड़े विभिन्न तथ्य यथा महात्मा गांधी का हस्तलिखित आशीर्वाद, जेब घड़ी, सिक्के, मैडल, सिक्के, स्टीकर, पुराने नोट के पीछे गांधीजी, उनके विभिन्न चित्र, पुस्तकें सहित महात्मा गांधी से जुड़े विभिन्न संस्मरणों का अनूठा संग्रह किया है।

### ऑपरेशन साइबर शील्डः साईबर ठग पर करौली में थाना सपोटरा पुलिस ने कसा शिकंजा

# सोशल मीडिया पर एस्कॉर्ट सर्विस उपलब्ध कराने एवं सेक्सटॉर्शन कर साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया



**जयपुर/करौली।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड के अंतर्गत करौली जिले की सपोटरा थाना पुलिस ने कार्रवाई कर सोशल मीडिया पर लड़की बन न्यूड वीडियो-फोटो भेजकर एस्कॉर्ट सर्विस उपलब्ध कराने एवं सेक्सटॉर्शन कर साइबर ठगी करने के मामले में आरोपी मस्तराम मीणा पुत्र रामसहाय (26) निवासी दीवानपुरा थाना सपोटरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक खाते में लाखों रुपए का लेनदेन मिला है। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि आरोपी के पास से पुलिस ने इन वारदातों में प्रयुक्त दो एंड्राइड मोबाइल जब्त किए हैं। आरोपी सोशल मीडिया डेटिंग ऐप जैसे टिंडर, बंबल, मैडली, ओकेक्यूपी, स्नैप, टनाटन चैट आदि के जरिये अनजान लोगो से जान पहचान कर लडकियों के अश्लील वीडियो एवं फोटो भेजकर अपने जाल में फंसा दबाव बना मोटी रकम वसूल करता है। आरोपी साईबर काईम करने का शातिर व आदतन अपराधी है। एसपी उपाध्याय ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर साईबर अपराध की रोकथाम व साईबर अपराधियो की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे ऑपरेशन साईबर शील्ड में उनके निर्देशन में टीम गठित की गई है। जिसका सुपरविजन जिला स्तर पर एएसपी गुमना राम एवं वृत्त स्तर पर सीओ सपोटरा कन्हैया लाल द्वारा किया जा रहा है। जिले के सभी थानाधिकारीयों को साईबर काईम करने वाले अपराधियो के विरूद्ध अधिक से अधिक करने के लिए निर्देशित किया गया है। एसपी ने बताया कि मंगलवार को एसएचओ सपोटरा धारा सिंह मय टीम के गश्त पर थे। गश्त के दौरान सूरतपुरा से दीवानपुरा जाने वाले रास्ते के पास पहाडी पर बने हुये हीरामन बाबा के मंदिर के पास एक नवयुवक एकान्त में बैठकर अपने मोबाईल पर कुछ करता दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देख भागने लगा। भाग रहे आरोपी मस्त राम मीणा को टीम ने पकड़ लिया। तलाशी में पुलिस को आरोपी के पास दो मोबाइल मिले। जिसे चैक किया तो मोबाइल में विभिन्न डेटिंग एप मिले। जिसमें आरोपी ने लड़की की प्रोफाइल बना रखी है, जिसके जरिये अनजान लोगो से दोस्ती कर टेलिग्राम व व्हाटसअप पर चैटिंग करता है। चैट में लडकी बनकर न्यूड वीडियो व फोटो भेजकर सेक्स सर्विस देने के नाम पर ऑनलाईन रूपये डलवाने के मैसेज पाये गये। स्क्रीन रिकॉर्डिंग के जरिए न्यूड वीडियो बनाता, फिर एसएचओ बन डरा कर मोटी रकम वसूल करता चैट में अनजान लोगो से वीडियो कॉल के जरिये सम्पर्क कर स्क्रीन रिकार्डिंग एप के द्वारा लडकियो के साथ अश्लील वीडियो बना एसएचओ बनकर रूपयो की मॉग करने संबंधित मैसेज पाये गये। इसके दोनों मोबाईल की गैलेरी में लड़कियों के अश्लील वीडियो व फोटो भी मिले है। आरोपी को भारतीय न्याय संहिता एवं आईटी एक्ट के तहत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिससे अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। इस कार्रवाई में एसएचओ धारा सिंह सहित एएसआई रामफूल, कांस्टेबल भरत लाल, मुरारी लाल, लाखन सिंह एवं सतीश कुमार शामिल थे।

## मोनी अमावस्या पर गोशाला का सहयोग

● पदमावत मीडिया



**जोधपुर ।** जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज की अध्यक्ष निरूपा पटवा ने बताया की ग्रुप के सदस्य मांतेश्वरी अरोड़ा के सहयोग से 15 ब्लैंकेट चारा आदि का सहयोग किया। वितरण में ग्रुप की सचिव तारा सोलंकी का भी सहयोग रहा कई सदस्य उपस्थित थे और उन्होंने भी सहयोग किया। गोशाला के संस्थापक अशोक बागरेचा ने आने वाले सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया उन के द्वारा सहयोग के लिय भी आभार व्यक्त किया। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जोधपुर की शास्त्रीनगर निवासी निरूपा पटवा अध्यक्ष, जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज, जोधपुर के पिछले 5 वर्षो से निरंतर मानवता की सेवा कार्य करने के लिय तत्पर रहता है। संस्थान दिव्यांग लोगो के लिय भी समय समय पर व्हील चेयर, बैसाखी व ट्राय साइकिल आदि का वितरण करती हे कटे हुय हाथ पैर वालो लोगो के कृत्रिम अंग लगवाना व पोलियोग्रस्त आदि को कैलिबर आदि लगवाती है। निरूपा पटवा व उनकी टीम साथ ही जोधपुर के कई संस्थान आदि में भोजन करवाना व सूखी सामग्री, एवं उनकी दैनिक जरूरत की वस्तुओं आदि भेट करने का कार्य करते है। जरूरतमंद परिवार के घर की लड़कियों की शादियों में यथासंभव सहयोग करती है। कोषाध्यक्ष संगीता कुंभट ने बताया कि वे कोरोना काल से ही सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में व महिला सशक्तिकरण के लिय कार्य करती है। इनके द्वारा अब तक के कार्यकाल में यह ऐसे ही समाज का हर समय हर कार्य सब के साथ करती आई है इस प्रकार के कार्य से समाज में एक अच्छा संदेश देती आई है।

## वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियां, शिक्षकों की कमी को लेकर प्राचार्या हुई भावुक



● पदमावत मीडिया

**संवाददाताः दीपक शर्मा**

**कानोड़ ।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित उग्रसेन कुमारी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि लक्ष्मण सिंह थे विशिष्ट अतिथि चतुर स्कूल के प्राचार्य महेश मेघवाल रहे। प्रचार्या कविता ने अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम में राजस्थानी लोकगीतों व भजनों पर छात्राओं ने एकल व समूह नृत्य प्रस्तुत किए तो छात्राओं ने बंगाल, हरियाणा व पंजाब सहित विभिन्न राज्यों कि लोक-संस्कृति पर सुन्दर प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की। छात्राओं ने आत्मरक्षा व मोबाइल से होने वाली हानियों पर भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्या कविता शिक्षकों की कमी को लेकर भावुक हो उठी ओर कहा कि 26 शिक्षकों की पोस्ट होते हुए भी मात्र 11 शिक्षक विद्यालय में अध्यापन का कार्य कर रहे है । कविता ने कहा कि सच्ची लगन ओर मेहनत कर शिक्षक शानदार परीक्षा परिणाम रखते है । बालिका शिक्षा को बढावा देने के इस युग में बालिका स्कूल में शिक्षकों की कमी पीडा देती है ,विज्ञान विषय की न तो प्रयोगशाला है न शिक्षक फिर अभावों में शिक्षक अतिरिक्त समय देकर शिक्षण कार्य कर रहे है । इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों व भामाशाहों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में पूर्व नेताप्रतिपक्ष दीपक शर्मा ने विधायक से चर्चा कर शीघ्र शिक्षकों की पूर्ति की बात कही । कार्यक्रम में पूर्व पार्षद राजकुमारी कामरिया जवाहरलालनागोरी, ऊकारदास बाबू लाल शर्मा सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ज्योति रांका ने किया।

## एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के तहत छात्र छात्राओं ने किया स्मार्ट क्लास रूम का अवलोकन

● पदमावत मीडिया



**सलूंबर।** समग्र शिक्षा अभियान अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक उदयपुर एवं ब्लॉक समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय सलुम्बर द्वारा आयोजित जागृति आंगन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक झल्लारा सलूंबर जिले के चयनित विद्यालय महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय खोलडी, राजकीय उच्च माध्यमिक भटवाडा, रा.उ.मा.वि. कल्याणाकला, राजकीय उच्च माध्यमिक मातासुला में अध्ययनरत छात्र छात्राए कक्षा 9 से 12 तक के बच्चो का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। आयोजन जिला पुस्तकालय भवन रा.उ.मा.वि. सलुम्बर मे किया गया। जिसके समन्वयक सुरेन्द्र कुमार जैन कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान उदयपुर थे। प्रमुख वार्ताकार मार्गदर्शक में भी पुंजीलालजी नरकेती सेवानिवृत आयुर्वेद चिकित्सक कृष्णकान्त जीपाचेरी सेवानिवृत प्रधानाचार्य शिक्षाविद, एवं सन्दर्भ व्यक्ति भी महेन्द्र कुमार जैन ब्लॉक समग्र शिक्षा अभियान सलुम्बर ने उपस्थित छात्र छात्राओ को अपने करियर के बारे मे मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी छात्र छात्राओ को रा.उ.मा0वि0 सलूंबर मे ICT LAB मे स्मार्ट क्लास रूम का अवलोकन कराया गया जिससे नवीन शिक्षा पद्धति, ऑनलाईन शिक्षण व्यवस्था के बारे मे बताया गया। सभी छात्र छाजाओ को प्रातः अल्पाहार चाय नाश्ता एवं मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था भी की गई सभी छात्र छात्राओ को टी शर्ट, केप, आईकार्ड एवं साथ ही प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये। व्यवस्था प्रभारी सुरेश कुमार जैन रा.उ.मा.वि. नोली थे। स्थानीय विद्यालय रा.उ. माध्यमिक विद्यालय सलूंबर के व्याख्याता प्रेमशंकर चौबीसा ने सभी का स्वागत उदबोधन प्रदान किया।

## मेवाड़ के जन्मदिन पर सैपुर के आर्टिस्ट ने दिया खास तोहफा, मेवाड़ ने खुद बुलाया सिटी पैलेस

● पदमावत मीडिया



**सलूंबर ।** कला क्षेत्र में समाज की उभरती प्रतिभा क्रिश भट्ट निवासी सैपुर (सराड़ा) जिला सलूंबर के द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड की गई। जिस पर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ सोशल मीडिया पर अपलोड की गई कलाकार द्वारा बनाई गई तस्वीर से प्रभावित हो गए और अपने जन्मदिन पर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने आर्टिस्ट क्रिश भट्ट व उनके बड़े भाई प्रिंस भट्ट को उनके द्वारा बनाई गई तस्वीर उपहार में चाहने हेतु दोनों भाइयों को सिटी पेलेस आमंत्रित किया। जिस पर दोनों भाई अपने माता-पिता के साथ सिटी पैलेस गए और मेवाड़ को अपनी हाथों की कलाकारी दिखाई और उन्हे भेंट की । उसके बाद लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने उभरती प्रतिभा आर्टिस्ट क्रिश भट्ट को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## प्रतापगढ़ की कोटड़ी पुलिस ने अवैध गांजा पकड़ा

● पदमावत मीडिया



**प्रतापगढ़ ।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत कोटड़ी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में करीब 10 किलो अवैध गांजा जब्त किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में थानाधिकारी अरुण खांट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। घटना कस्बा कोटड़ी के भैरूखाखरा से सेमलखेड़ी मार्ग की है, जहां गश्त के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को प्लास्टिक का कट्टा लेकर पैदल आते देखा। पुलिस वाहन की आहट पाते ही आरोपी ने कट्टा फेंका और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भागने में सफल रहा। जब पुलिस ने फेंके गए कट्टे की जांच की तो उसमें से 9 किलो 80 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से गांजा जब्त कर थाना कोटड़ी में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

## ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक स्तर खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम हुआ संपन्न

● पदमावत मीडिया

**संवाददाताः ईश्वरलाल सुथार**




**झल्लारा ।** ब्लॉक की प्राथमिक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन बुधवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय काइयों का गुड़ा पीईईओ अमलोदा में हुआ जिसमें ब्लॉक के सातों क्लस्टर के बालक बालिकाओं ने विभिन्न खेलों जैसे कबड्डी खो-खो रिंग जिमनास्टिक एथलीट साहित्यिक ,सांस्कृतिक आदि में भाग लिया एवं विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता धूलीराम मीणा प्रधान पंचायत समिति झल्लारा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कांग्रेस रघुवीर सिंह मीणा, विशिष्ट अतिथि भंवर सिंह चुंडावत अध्यक्ष शिक्षा समिति पंचायत समिति झल्लारा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी परितोष शर्मा द्वारा समापन समारोह को संबोधित किया गया। अतिथियों हेतु स्वागत उद्बोधन प्रधानाध्यापक रा. प्रा. वि.काइयों का गुड़ा मनोहर दास वैष्णव द्वारा दिया गया। समापन कार्यक्रम में सातों क्लस्टर के प्रभारी शारीरिक शिक्षक, शिक्षक, समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे साथ ही पंचायती राज शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैयालाल सरवार, वाकपीठ अध्यक्ष फतेह सिंह चौहान, राष्ट्रीय शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण लाल मीणा,आदि उपस्थित रहे तथा ग्राम वासियों द्वारा दिए गए सामूहिक सहयोग और तन मन धन से इस खेलकूद प्रतियोगिता के कार्य की सभी ने सराहना की। इस मौके पर भाजपा छप्पन मंडल अध्यक्ष भूरालाल पटेल, प्रधान निर्णायक भेरूसिंह चौहान, केसर सिंह चौहान, दिनेश मेहता आदि उपस्थित रहे।

## कुंभ मेले और बागपत जैन मंदिर हादसे के पीड़ितों को रोटी बैंक और मानवता परिवार ने दी श्रद्धांजलि

● पदमावत मीडिया




**भिंड ।** कुंभ मेले और बागपत के जैन मंदिर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसों में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनकी आत्मा की शांति के लिए आज गणेश मंदिर पर रोटी बैंक और मानवता परिवार द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साधु-संतों और उपस्थित श्रद्धालुओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। रोटी बैंक और मानवता परिवार के सदस्यों ने इन दर्दनाक घटनाओं पर गहरा शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। साधु-संतों ने प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को इस कठिन समय में संबल दें। बागपत जैन मंदिर हादसे और कुंभ मेले की त्रासदी ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इन घटनाओं में कई निर्दोष लोगों की जान चली गई, जिससे समाज में शोक की लहर है। इस श्रद्धांजलि सभा में रोटी बैंक और मानवता परिवार के सदस्यों के साथ-साथ गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। भगवान से प्रार्थना की गई कि भविष्य में ऐसे हादसे न हों और सभी लोग सुरक्षित रहें।

उपस्थित सदस्यः बबलू सिंधी, प्रभात राजावत, दीपक चावला, पंकज मेहरोत्रा, रोमा शर्मा, नीतू जैन, डोली जैन, पूजा जैन, सुधांशु तोमर, नितिन श्रीवास, कृष जैन, अरिजीत सिसोदिया, संतोष सिंह कुशवाह, अशोक अग्रवाल आदि।

## पवन जैन पदमावत की उदयपुर यात्रा

# आईजी से मुलाकात, अपराध नियंत्रण और मीडिया की भूमिका पर चर्चा



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पदमावत मीडिया के प्रधान सम्पादक एवं एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत ने अपने हालिया उदयपुर दौरे के दौरान उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राजेश मीणा से सौजन्य भेंट की। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता और मीडिया की जिम्मेदारी को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। पदमावत ने उदयपुर रेंज में अपराध नियंत्रण के प्रभावी उपायों और पारदर्शी मीडिया रिपोर्टिंग पर अपने सुझाव रखे। उन्होंने प्रशासन और समाज के बीच सकारात्मक संवाद बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। आईजी राजेश मीणा ने भी अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया और मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। यह बैठक सार्थक और सकारात्मक रही, जिसमें जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। उदयपुर प्रवास के दौरान पदमावत ने कई प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की, जिससे यह दौरा शहर के सामाजिक और प्रशासनिक परिदृश्य में एक प्रभावी संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम बना।

# कोटा शहर में थाना महावीर नगर पुलिस की कार्रवाई : हत्या के मामले में वांछित दो इनामी बदमाश गिरफ्तार, एक नाबालिग निरुद्ध

## सनसनीखेज घटना के सिलसिले में पूर्व में दो आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**कोटा ।** शहर की थाना महावीर नगर पुलिस ने चाकू से वार कर युवक की हत्या के मामले में 13 महीनों से वांछित दो बदमाशों को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। इन आरोपियों पर दो-दो हजार का इनाम घोषित है। इस सनसनीखेज घटना के सिलसिले में पूर्व में दो आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। सिटी एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि आरोपी विशाल कुमार वाल्मीकि पुत्र बबलू कुमार (26) एवं चन्दू साहरवान पुत्र कन्नू साहरवान (20) निवासी हरिओम नगर थाना महावीर नगर कोटा शहर शहर को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले प्रकरण में आरोपी



पप्पू वाल्मिकी व विष्णु वाल्मिकी को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी दुहन ने बताया कि 30 दिसम्बर 2023 को हरिओम नगर निवासी शक्ति वाल्मिकी द्वारा थाना महावीर नगर में रिपोर्ट दी गई कि कल रात करीब 9.30 बजे पर पप्पू वाल्मीकी, विशाल डागोरिया, भरत डागोरिया, चन्दू साहरवान, सोनू वालमीकी व अन्य 8-10 जनों ने हरिओम नगर व वीर सावरकर नगर के बीच वाली गली मे उस पर, उसके भाई अजय वाल्मिकी एवं गीता बाई व वैभव गौतम उर्फ लक्की पर चाकू से हमला किया, जिससे मेरे भाई अजय वाल्मिकी की मौत हो गई और हमारे शरीर पर चोटें आई है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी दिलीप कुमार सैनी व सीओ मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ रमेश कविया के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन कर विभिन्न स्थानो पर दबिशे दी गई। जिसमें पुलिस ने दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार प्रयास कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना व तकनीकी आसूचनाओ के आधार पर आरोपी विशाल कुमार व चन्दू साहरवान को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। जिनसें प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

## पूर्वोत्तर राज्यों के विद्यार्थियों ने एस.ई.आई.एल. के तहत विधान सभा का भ्रमण किया

# कश्मीर हो या गुवाहाटी अपना देश-अपनी माटीः देवनानी



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से बुधवार को यहां पूर्वोत्तर के सात राज्यों मणिपुर, नागालैण्ड, असम, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के तीस विद्यार्थियों के प्रतिनिधि मंडल ने स्टूडेन्टस एक्सपीरियन्स इन्टर स्टेट लिविंग प्रोग्राम के तहत शिष्टाचार भेंट की। देवनानी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद करते हुये कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता को जोडने वाला है। यह विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति को समझने में योगदान प्रदान करता है। देवनानी ने कहा है कि उन्हें भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है और विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति को भी इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने नजदीक से पहचाना है। स्टूडेन्टस एक्सपीरियन्स इन्टर स्टेट लिविंग प्रोग्राम के तहत आये विद्यार्थियों ने विधान सभा में स्थित म्यूजियम एवं संविधान दीर्घा का भी अवलोकन किया। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को दल में आए छात्र-छात्राओं ने बताया कि राजस्थान विधानसभा और यहां के संग्रहालय को देखकर वे गौरव की अनुभूति कर रहे हैं।

# पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत हनुमानगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**फर्जी फर्म के नाम से फर्जी बैंक अकाउंट खोल करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश, पांच आरोपी गिरफ्तार**

**विभिन्न बैंक की 60 पासबुक व चैक बुक, 32 एटीएम व डेबिट कार्ड, 11 मोबाइल, 8 सिम कार्ड, रबड़ की 7 फर्जी स्टांप मोहर एवं बैंक संबंधित डॉक्यूमेंट बरामद**

● पदमावत मीडिया

**जयपुर/हनुमानगढ़।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेशभर चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड के अंतर्गत हनुमानगढ पुलिस ने बडी कार्रवाई कर फर्जी फर्म बनाकर फर्म के नाम से फर्जी बैंक अकांउट खोल इन म्यूल अकाउट्स मे 26 करोड रूपये का लेनदेन कर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी श्री अरशद अली ने बताया कि इनके पास से पुलिस ने विभिन्न बैंकों खातो की 60 पासबुक व चैकबुक, 32 एटीएम व डेबिट कार्ड, 11 मोबाईल, 08 सिम, 07 रबड़ की फर्जी स्टाम्प मोहर एवं बैक सम्बंधी डॉक्यूमेंट बरामद किये है। भारत सरकार के एनसीआरपी पोर्टल पर उक्त 60 बैंक खातो के विरूद्व 16 राज्यों से साइबर ठगी की 66 शिकायतें दर्ज है। मामले में साइबर थाना में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। एसपी श्री अली ने बताया कि महानिदेशक पुलिस श्री उत्कल रंजन साहू एवं महानिदेशक पुलिस साइबर क्राईम एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाए श्री हेमन्त प्रियदर्शी के निर्देशन में राज्य में चलाये जा रहे विशेष अभियान ''साइबर शील्ड'' के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित एनसीआरपी



व जेएमआईएस पोर्टल पर प्राप्त साइबर फ्रॉड परिवादों के संबध में उन्होंने जिला साइबर सैल, साइबर पुलिस थाना एवं डीएसटी की विशेष टीम गठित कर परिवादों की जांच के संबध मे निर्देशित किया।

### म्यूल अकाउंटस में 26 करोड़ का लेनदेन मिला

गठित टीम द्वारा पोर्टल पर प्राप्त साइबर फ्रॉड परिवादो का गहनता से तकनीकी विश्लेषण किया तो देश के विभिन्न राज्यो मे दर्ज 66 परिवादो से हनुमानगढ क्षेत्र के 60 खातो मे लगभग 26 करोड़ राशि का साइबर फ्रॉड होना पाया गया। इस पर गठित टीम द्वारा विभिन्न तकनीकी साक्ष्यों का गहन परीक्षण कर अथक प्रयासों से साइबर ठगी गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी आकाशदीप पुत्र कर्मजीत सिंह जटसिख (28) निवासी चक 1 आरबी, थाना पदमपुर श्रीगंगानगर, आदित्य वाल्मीकि पुत्र नवरंग लाल (23) निवासी हनुमानगढ जंक्शन, जाकिर हुसैन पुत्र जानी मोहम्मद (30) निवासी बरकत कॉलोनी, हनुमानगढ़ टाउन, कैलाश खीचड़ पुत्र दौलत राम (26) निवासी वार्ड नम्बर 4, थाना सदर हनुमानगढ़ एवं निर्देश बिश्नोई पुत्र अजयपाल (27) निवासी वार्ड नम्बर 07 थाना संगरिया को गिरफ्तार कर विभिन्न बैंकों के 60 पासबुक/चैकबुक, 32 एटीएम/डेबिट कार्ड, 11 मोबाइल, 8 सिम कार्ड एवं 07 रबड़ की फर्जी स्टाम्प मोहर बरामद की गई।

### बैंक कर्मियों की संलिप्तता की जांच जारी

आरोपियो ने पूछताछ मे बताया कि उक्त रकम इन्वेस्टमेंट फ्रॉड (फर्जी ट्रेडिंग ऐप बना टेलीग्राम के जरिये लोगो से सम्पर्क कर शेयर मार्केट पर पैसा लगाने का झांसा देना), अवैध गैमिंग, क्रिप्टोकरंसी फ्रॉड, यूएसडीटी, आदि के जरिये म्यूल व फर्जी बैक खातो मे लेकर कैश निकलवा गिरोह के अन्य सदस्यो मे बांट देते थे। प्रथम दृष्टतया बैंक कर्मियों द्वारा अकांउट ओपनिंग, नेट बैंकिग एवं कैश निकासी मे जालसाजी कर साइबर ठगो की सहायता करना भी सामने आया है, जिसके संबध मे विस्तृत जांच की जायेगी।

### वारदात का तरीका

साइबर ठग गिरोह के सदस्य भारत सरकार के उद्यम पोर्टल पर फर्जी फर्म का रजिस्ट्रेशन करवा कर भोले भाले तथा नशेड़ी प्रवृति के लोगो को बहला-फुसला कर या चंद रूपयो का प्रलोभन देकर उनके डॉक्यूमेंट से विभिन्न बैंकों में बैंक खाते खुलवाकर बैंक की पास बुक, एटीएम, चैक बुक, सिम कार्ड व हस्ताक्षर किये चेक अपने पास रख लेते थे। फिर उन बैंक खातों में साइबर ठगी की राशि आने पर हस्ताक्षर युक्त चेक से निकाल लेते है।

# छोटीसादड़ी पुलिस ने वांछित आरोपी को पकड़ा

## पुलिस ने जब्त किया था 47 किलो डोडा चूरा, मौके से तीन आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले में छोटीसादड़ी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक बड़े मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में छोटीसादड़ी थाना प्रभारी प्रवीण टांक के नेतृत्व में टीम ने जलोदा जागीर निवासी गोपाल गायरी (26) को हिरासत में लिया।

मामले की जानकारी के अनुसार, जलोदा जागीर थाने के सामने नाकाबंदी के दौरान एक मारुति ओमनी वैन पुलिस को देखकर संदिग्ध तरीके से पीछे मुड़ने लगी। हड़बड़ाहट में वाहन बंद हो गया, जिसके बाद पुलिस ने तलाशी ली। वाहन से दो काले प्लास्टिक के कट्टों में कुल 47.100 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा बरामद हुआ। मौके पर ही पुलिस ने उदयपुर जिले के वल्लभनगर थाना क्षेत्र के ईटाली



निवासी तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें प्रहलाद (शम्भूलाल का पुत्र), कमलेश (शम्भूलाल का पुत्र) और पूरणमल (रोशनलाल धोबी का पुत्र) शामिल हैं। पुलिस ने जलोदा जागीर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इस मामले में वांछित मुख्य आरोपी गोपाल गायरी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

# बालिका विद्यालय अरनोद में मनाया वार्षिकोत्सव



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय अरनोद में वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने अपने संबोधन में बेटी पढ़ाओ नारा देते हुए बालिकाओं को बोर्ड परीक्षाओं के लिए पूरी लगन से कड़ी मेहनत करने के लिए कहा। विशिष्ट अतिथि अचलेश्वर दवे, संजय शाह, विशाल जैन, राजमल जैन, नवीन महन्त, सरपंच संगीता राणा, केशव लाल जैन, बाबूलाल कोठारी एवं एसएमसी अध्यक्षा मंजू कुमावत रही। इन्होंने भी छात्राओं को आशीर्वचन प्रदान किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कार्यवाहक प्रधानाचार्य ललित कुमार द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें वर्ष भर की शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक गतिविधियों के तथा शाला के नवीन निर्माण कार्य आदि के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के मंच का संचालन बंटूजी डांगी व मुनीष कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिए गए।

विद्यालय के विकास हेतु अनुदान देने वाले शिक्षक सत्यनारायण सुरावत, अध्यापिका श्याम कुँवर, प्रतिभा शर्मा व उर्मिला राठौर का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर ललिता कुमारी मीणा आदि अन्य सहयोगी स्टाफ सदस्य इस दौरान उपस्थित रहे।

## बीटिंग द रिट्रीट' में ब्रास बैंड ने दिया संयम, अनुशासन और एकरूपता का परिचय

# राज्यपाल पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ गणतंत्र दिवस समारोह का समापन

● पदमावत मीडिया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में गणतंत्र दिवस समारोह का समापन बुधवार को बीटिंग द रिट्रीट'' के साथ हुआ। समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जहांगीराबाद स्थित लाल परेड मैदान में यह समारोह हुआ। इस रंगारंग कार्यक्रम में पुलिस ब्रास बैंड के वादकों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से संयम, अनुशासन और एकरूपता का परिचय दिया ।

### इनकी रही मौजूदगी

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, विशेष पुलिस महानिदेशक अजय शर्मा, योगेश मुद्गल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता, डी.सी.सागर, पवन श्रीवास्तव, अनिल कुमार,



पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस अधिकारी भव्य एवं आकर्षक बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी के साबने।

### पुलिस ब्रास बैंड कॉन्सर्ट में मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां

बीटिंग द रिट्रीट'' समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के आगमन पर पुलिस ब्रास बैंड ने धुन बजाकर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि की अनुमति के बाद पुलिस ब्रास बैंड कॉन्सर्ट में देशभक्ति गीतों और फिल्मी गीतों की शानदार धुनें प्रस्तुत की गईं। निरीक्षक सुनील कटारे के नेतृत्व में वंदेमातरम से शुरू हुआ धुनों का यह कारवां ऐ वतन वतन मेरे, पुकारता चला हूं मैं,ये शाम मस्तानी, तेरी मिट्टी, छूकर मेरे मन को, ये रात भीगी भीगी और यारी है इमान मेरा गीतों की धुनों के साथ निरंतर आगे बढ़ता रहा। इस दौरान एक से बढ़कर एक संगीतमय प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को आनंदित कर दिया। कॉन्सर्ट के अंतिम चरण में जैसे ही जय हो गीत की धुन पुलिस ब्रास बैंड ने बजाई तो श्रोता झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से स्टेडियम गूंज उठा।

# अृमता हाट मेले का शुभारंभ आज

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** महिला स्वयं सहायता समूहों के विभिन्न उत्पादों के विपणन एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ीकरण हेतु जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में 30 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 10 से रात्रि 10 बजे तक अमृता हाट मेले का आयोजन मोहनलाल सुखाड़िया स्टेडियम में किया जा रहा हैं। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक नेहा माथुर ने बताया कि 30 जनवरी, गुरुवार को प्रातः 11 बजे से राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग, केबिनेट मंत्री हेमन्त मीणा, सहकारिता व नागरिक उड्यन मंत्रालय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम दक, प्रतापगढ़-चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी व महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह से 2 फरवरी को सायं 5 बजे बाद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन व 3 फरवरी को सायं 4 बजे बाद समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आर्कषण बांसवाड़ा के तीर कमान, कोटा की कोटा डोरिया, राजसंमद के इत्र एवं गुलाब व सौंफ के अर्क, सवाई माधोपुर की लाक की चूड़ियां, जोधपुर की मोजड़ी, जयपुर की कशीदाकारी, सांगानेरी एवं बगरू प्रिंट की कुर्तिया, जरदोजी के हस्तनिर्मित उत्पाद, लंहगा गोटा पत्ती, प्रतापगढ़ के महिला स्वयं सहायता समूहों के महुआ के लड्डु, हर्बल गुलाल, अचार मसाला आदि मेले के मुख्य आर्कषण रहेगें। गत वर्ष अमृता हाट मेले को लेकर जिला वासियों में खासा उत्साह रहा था एवं कुल 12 लाख से भी अधिक की खरीदारी जिले के निवासियों द्वारा की गई। इस वर्ष 1000 से अधिक खरीदी करने वालों को लक्की ड्रा निकाल कर ईनाम दिया जाएगा। मेले में छोटे बच्चों के लिए आकर्षक झूलों के साथ ही लजीज व्यंजनों के स्टॉल्स भी लगाये जायेगें।

## जिला विप्र फाउंडेशन द्वारा नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष राजपुरोहित का किया विशेष स्वागत अभिनंदन

# भाजपा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी के सहयोग की कामना : राजपुरोहित

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** स्थानीय चंडीश्वर महादेव मंदिर परिसर में विप्र फाउंडेशन जालोर द्वारा नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के सम्मान हेतु स्वागत समारोह स्थानीय खंड के प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे, जिलाध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित, जिला महामंत्री डॉ घनश्याम व्यास व समाज सेवी शेखर व्यास, बद्रीनारायण गौड़ के आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है । उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदा तत्पर रहूँगा । इस अवसर पर दिनेश दवे नवीन प्रदेश महामंत्री ने कहा कि देश और समाज के उत्थान में हर व्यक्ति की भूमिका अहम है। समाज में शांति, न्याय और सद्भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ हमारी जिम्मेदारी है कि विप्र समाज हर क्षेत्र में प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाते रहें । उन्होंने कहा कि राष्ट विकास के साथ-साथ विरासत का संरक्षण करने की प्रेरणा दी है। समाज सेवी शेखर व्यास ने कहा कि जन सेवा के कार्यों से विप्र समाज अपने ध्येय 'सर्वे जना सुखिनो भवन्तु' को चरितार्थ कर रही है। जिलाध्यक्ष नेनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक धारा को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है । प्रदेश महामंत्री डॉ घनश्याम व्यास ने अपनी समृद्ध धरोहर, प्रकृति, स्वच्छता, संस?कृति और विविधताओं का दर देश के हर समाज के वंचितों के उत्थान के लिए संकल्पित भाव से काम कर रहे हैं । ताकि विकसित भारत का संकल्प सही मायने में पूरा हो सके। उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा विप्र समाज सहित 36 कौम के जन-जन के हृदय सम्राट, विप्र गौरव जसराज राजपुरोहित भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर नव निर्वाचित हुए हैं द्य विप्र फाउंडेशन द्वारा नव



निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष का साफा, अंगवस्त्र, शॉल, श्रीफल, विप्र गौरव अलंकार पत्रक द्वारा स्वागत सम्मान किया गया । साथ ही स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान परशुराम का चित्र भेंट किया गया कार्यक्रम के दौरान नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित विप्र ने उपस्थित वरिष्ठ जनों को साफा पहना कर अभिनन्दन किया । जिसमें बद्रीनारायण गौड़, माणकमल भंडारी, नैनसिंह राजपुरोहित सहित कई लोगों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में समाज सेवी शेखर व्यास, विप्र फाउंडेशन जालोर संरक्षक बद्रीनारायण गौड़, जगदीश रामावत, दरगाराम पुरोहित,भीनमाल ब्लॉक अध्यक्ष वासुदेव अवस्थी, ब्लॉक महामंत्री राजेन्द्र बैष्णव, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रविशंकर दवे, जिला सेवा प्रमुख मुकेश शर्मा, हरचंद पुरोहित, सुरेश पारीक, जिला कार्यकारिणी सदस्य रमेश दवे धुम्बडिया, महिला विंग जिला उपाध्यक्ष बहन कंचन वैष्णव, रिंकू शर्मा, मंजु वैष्णव, बहन छाया वैष्णव, युवा जिला उपाध्यक्ष प्रशान्त त्रिवेदी, नरोतम त्रिवेदी, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, सुभाष दवे, प्रवीण दवे, सुरेश वौरा, राजा शर्मा, रमेश शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे। विप्र फाउंडेशन के कार्यक्रम का संचालन डॉ घनश्याम व्यास ने किया ।

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान आज से

**पदमावत मीडिया, सलूंबर ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिह संधू के निर्देशन में जिलेभर में 30 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान संचालित किया जायेगा। इस अभियान का प्रारम्भ कुष्ठ दिवस पर 30 जनवरी से अभियान के दौरान जिले में ग्राम सभा के माध्यम से कुष्ठ रोग उन्मूलन को लेकर जन जागरूकता फैलाई जाएगी जिला कलेक्टर ने अभियान के सफल संचालन के लिए जिले भर के समस्त चिकित्सा अधिकारियो, स्वास्थ्य कर्मियों, आशा सहयोगिनियो, सीएचओ, टीबी सुपरवाइजरो को इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ताकि अधिक से अधिक लोगो की जन जागरुकता पहुंच सके। मुख्य चिकित्मा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. महेन्द्र परमार ने बताया कि इस अभियान की भीम आइए हम सब मिलकर जागरूकता बढ़ाएँ । भ्रांतियां दूर करे कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति छुट न जाए, रखी गई है।

### जनजाति मंत्री ने एक बॉल खेलकर किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

# उदयपुर में पहली बार हो रही एसजीएफआई की स्कूली नेशनल प्रतियोगिता

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** एसजीएफआई द्वारा एमजीजीएस सुन्दरवास, उदयपुर की मेजबानी में विद्यालयी 19 वर्ष छात्रा की 68वीं राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज बुधवार को जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर विधायक ताराचंद जैन ने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह चौहान, किशनलाल खटीक, विश्वविद्यालय क्रीड़ा मंडल के सचिव भीमराज पटेल, संयुक्त निदेशक रंजना कोठारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार जैन, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय डॉ.लोकेश भारती, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मुरलीधर चौबीसा, ललित दक, एसजीएफआई के पर्यवेक्षक डीके सिंह, बीकानेर निदेशालय के प्रतिनिधि हेमाराम जाट, आत्माराम, सीबीईओ झाडोल पवन कुमार रावल , प्रधानाचार्य एवं भामाशाह के प्रेरक संजय बडाला आदि थे। मुख्य अतिथि बाबूलाल खराड़ी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों द्वारा किए गए मार्च पास्ट की सलामी ली एवं ध्वजारोहण के बाद सभी खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलाई। उसके बाद सभी टीमों के कप्तान से परिचय प्राप्त किया गया एवं उद्घाटन घोषणा की। आयोजन समिति के गोपाल मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत दिल्ली एवं आंध्र प्रदेश के बीच खेले गए उद्घाटन मैच से ठीक पहले मैदान पर मंत्री ने एक बॉल खेलकर प्रतियोगिता



का विधिवत उद्घाटन किया। इससे पूर्व आयोजक विद्यालय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सुंदरवास के प्रधानाचार्य आशुतोष तुली एवं वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजय सिंह रावत ने अतिथि स्वागत किया। रेजीडेंसी स्कूल की छात्राओं ने बैंड की धुन के साथ एनसीसी कैडेट्स (बालिका) दल द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उद्घाटन समारोह का संचालन हरीश वैष्णव, ऋचा रूपल, वनिता वागरेचा, पायल कुमावत, रेणुका थ्योप्लस ने किया। विभिन्न विद्यालयों के बालक बालिकाओं ने शानदार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की एवं योग नृत्य किया। वंदे मातरम का गायन शबनम चतुर्वेदी एवं वाद्य यंत्र कलाकार नरेंद्र कुमार वर्मा तथा अखिलेश शर्मा की टीम ने किया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मैच शहर के अलग अलग 6 मैदानों पर करवाये जा रहे है। उद्घाटन कार्यक्रम की समाप्ति के ठीक बाद एसजीएफआई के शेड्यूल के अनुसार मैच एमबी क्रिकेट ग्राउंड ए व बी, बीएन कॉलेज ग्राउंड, रेलवे ट्रेनिंग प्रताप नगर ग्राउंड, राजस्थान कृषि महाविद्यालय ग्राउंड, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल ग्राउंड पर शुरू हो गए। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू एंड कश्मीर, उत्तराखंड, हरियाणा, आंध्र प्रदेश ,चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम बंगाल ,केरला, पंजाब, झारखंड, गुजरात ,बिहार, सीबीसीई डब्ल्यूएफ, आईपीएससी, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, सीआईएससीई, एवं राजस्थान टीम प्रतियोगिता में देश की 22 टीमें भाग ले रही है। उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा लक्ष्मण सालवी ने बताया कि मेजबान राजस्थान एवं जम्मू एंड कश्मीर के मध्य आज दोपहर 1:30 बजे बीएन कॉलेज के खेल मैदान पर हुए 20 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जम्मू एंड कश्मीर की टीम 15 ओवर में मात्र 38 रन पर ऑल आउट हो गई।

राजस्थान को 39 रन का लक्ष्य मिला राजस्थान की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यह लक्ष्य चार ओवर तीन बॉल में ही तीन विकेट खोकर हासिल करते हुए सात विकेट से मैच को जीत लिया । राजस्थान की टीम से खेलते हुए गेंदबाज तनिष्का ने चार रन देकर चार ओवर में चार विकेट लिए, वही मेधावी ने तीन ओवर में मात्र 9 रन देकर दो विकेट लिए। वही बल्लेबाज वृंदा शर्मा ने 14 रन एवं निशा ने 13 रन बनाए। गीतांजलि खेल मैदान पर खेले गए मैच में तेलंगाना ने मध्य प्रदेश को 20 रन से हराया। पहले खेलते हुए तेलंगाना ने 85 रन बनाए थे जवाब में मध्य प्रदेश की टीम 65 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। एमबी ए खेल मैदान पर खेले गए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मैच में उत्तर प्रदेश ने चार विकेट से मैच जीत लिया। राजस्थान कृषि महाविद्यालय के खेल मैदान पर छत्तीसगढ़ और सीआईएससीई के बीच खेले गए मुकाबले में 102 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छत्तीसगढ़ की टीम ने मात्र दो विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया और 8 विकेट से मैच जीत लिया।

### वार्षिकोत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची

## हिन्दु को स्वयं जागने का एवं औरों को जगाने का समय आ गया है : वसंत वेदमुथा




● पदमावत मीडिया

**भीनमाल।** आदर्श विद्या मंदिर परिवार द्वारा आयोजित महाकुंभ संगम 2025 वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े ही उल्लास पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इसके बाद मां सरस्वती वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कार्यक्रम में बसंतकुमार वेदमूथा, अशोक राठी, दर्शन शर्मा, राजेंद्रप्रसाद, डॉ श्रवण मोदी का तिलक, मोली, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया । रंगारंग कार्यक्रमों में ए धरती वीरा री, सीताराम, तिरंगा शान अपनी, कविता पाठ, सूरज पर हम करे सवारी, धरती धोरा री आदि भिन्न-भिन्न नृत्य एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम में नाटक तथा पिरामिड के साथ ही शारीरिक प्रदर्शन भी किया गया । कार्यक्रम के दौरान विद्या मंदिर की इकाइयों के प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय वृत तथा वर्ष भर के शैक्षिक व सह शैक्षिक कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वसंत वेदमुथा ने कहा कि अब समय आ गया है कि हिन्दु मात्र को जागना होगा एवं औरों को जगाना होगा । उन्होंने हिन्दुत्व की परिभाषा बताते हुए कहा कि आगे आने वाला समय बहुत ही कठिन है, इसलिए हम सबको संभल कर रहना होगा । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ श्रवण मोदी द्वारा भारत व भारत की संस्कृति तथा उसके मूल्य के बारे में विस्तारित रूप से बताया । उन्होंने अपने जीवन में भोजन के महत्व पर भी प्रकाश डाला । बालुराम चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के अंत में घोष प्रदर्शन तथा भारत माता पूजन किया गया। कार्यक्रम में अजय गुप्ता, नरेंद्र आचार्य, भंवरलाल कांनूगो, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, नारायण जांगिड़, प्रताप पुरोहित, हरीश सुथार, दलपतसिंह, सुरेश पारीक, नरेंद्रसिंह, अमित व्यास, उर्मिला खंडेलवाल, प्रमोद दवे, रंजन, हनुमान दवे, नीमा आचार्य, मुकेश जीनगर, श्रवण सोनगरा, जिला समिति सदस्य, स्थानीय समिति सदस्य, सभी विद्यालयों के आचार्य, दीदी, अभिभावक गण तथा नगरवासी उपस्थित रहे।

# बीवी को मारकर की खुदकुशी



● पदमावत मीडिया

**खुर्जा (बुलंदशहर)।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा कोतवाली क्षेत्र के भिंडौर गांव के खेत में पति वेदराम (45) ने पत्नी भूरीदेवी (41) का चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी, जिसके बाद 150 मीटर दूर आम के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों पति-पत्नी एक साथ पशु पालन और खेत में मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते थे। भिंडौर गांव निवासी सतवीर ने बताया कि उसके सबसे छोटे भाई खेम सिंह की पांच साल पहले बीमारी (पीलिया) से मौत हो गई थी। इसके बाद खेम सिंह के दो छोटे बच्चे और उनकी मां राजेश्वरी वेदराम के पास ही रहते थे। इसके अलावा वेदराम के तीन बच्चे भी साथ रहते थे। रोजाना की तरह बुधवार सुबह वेदराम अपनी पत्नी भूरी देवी के साथ खेत पर काम करने गए थे। दोपहर करीब 1:00 बजे कुछ ग्रामीणों ने आम के पेड़ पर वेदराम को लटकते हुए देखा, तभी वह उसकी ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने वेदराम को पेड़ से नीचे उतारा, लेकिन उसकी।मौत हो चुकी थी। आसपास तलाश की तो ईख के खेत में भूरी देवी का लहूलुहान शव पड़ा था। इसको देख ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर जाकर पुलिस ने जांच पड़ताल की है। इसमें पति ने पत्नी की गला रेत कर हत्या कर दी। इसके बाद खुर पेड़ पर लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों की ओर से लिखित रूप में भी यह जानकारी दी गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तर कोरिया के नेता किम ने परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान किया

● पदमावत मीडिया

**सोल ।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने परमाणु सामग्री बनाने वाले एक संयंत्र का निरीक्षण किया और देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण करने के बाद उत्तर कोरिया देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान कर अमेरिका पर दबाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। किम के परमाणु सामग्री बनाने वाले संयंत्र में जाने से उत्तर कोरिया के परमाणु शस्त्रागार के विस्तार पर निरंतर जोर देने का संकेत मिलता है। ट्रंप ने हालांकि कहा है कि वह कूटनीति को फिर से शुरू करने के लिए किम से बात करने को तैयार हैं। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) की खबर के अनुसार, किम ने परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र और परमाणु हथियार संस्थान जाकर निरीक्षण किया। खबर में यह नहीं बताया गया कि ये केंद्र कहां स्थित



हैं, लेकिन किम की यात्रा की उत्तर कोरियाई तस्वीरों से संकेत मिलता है कि उन्होंने संभवतः यूरेनियम-संवर्धन केंद्र का दौरा किया था, जहां वह पिछले सितंबर में गए थे। केसीएनए की खबर के अनुसार किम ने कहा कि उत्तर कोरिया ने पिछले वर्ष परमाणु सामग्री के उत्पादन में ''अद्भुत'' प्रदर्शन किया है और देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने के लिए इस वर्ष उत्पादन को और बढ़ाने की जरूरत है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच कूटनीति फिर से शुरू होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं क्योंकि ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान किम से तीन बार मुलाकात की थी। बृहस्पतिवार को 'फॉक्स न्यूज' पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने किम को ''एक समझदार व्यक्ति'' बताया था।

यह पूछे जाने कि क्या वह उत्तर कोरिया के अपने समकक्ष से बात करने की योजना बना रहे हैं तो ट्रंप ने कहा था कि वह उनसे बात करेंगे। ट्रंप ने कहा था, मैं काफी पहले उनसे मिला था। वह कोई धार्मिक कट्टरपंथी नहीं है। मैं उनसे दोबारा बातचीत करूंगा।'' उत्तर कोरिया ने अभी तक ट्रंप के इस बयान पर सीधे तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उत्तर कोरिया ने रविवार को क्रूज मिसाइल प्रणाली का परीक्षण करने की जानकारी देते हुए उसको निशाना बनाकर किये जाने वाले अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यासों की संख्या बढ़ाये जाने का 'कड़ा' जवाब देने का संकल्प लिया था।

## राजीविका से संबंधित कार्यो और नवाचारों पर हुई चर्चा



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजीविका से संबंधित कार्यो और नवाचार हेतु संभाग स्तरीय एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम सभागार में गुरुवार को अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) खण्ड निरंजन सिंह राठौर के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। राजीविका के जिला परियोजना निदेशक ख्याली लाल खटीक, अशोक सेन, सूर्यवीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। खटीक ने राजीविका के संदर्भ मे विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि राठौर ने बताया कि महिला ही घर, समाज और देश को नई दिशा दे सकती है उन्होंने बताया कि महिलाएं विभिन्न गतिविधियां कृषि बागवानी मेडिसिनल पौधों की खेती, उच्च तकनीकी युक्त पोली हॉउस ग्रीन शेड नेट सब्जी उत्पादन, आंवला खेती आदि अपनाकर आर्थिक रूप से सक्षम बन सकती है। कार्यशाला में राजसखी एप्प के इंस्टॉल, प्रचार प्रसार, उत्पाद प्रदर्शनी, उत्पाद का बाजार से जुड़ाव और अधिक से अधिक अपने उत्पादों को उपभोक्ता तक आसानी से पहुंच आदि के आरे में जानकारी दी। अतिथियों ने कहा कि महिलाओ के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तिकरण मे काफ़ी संभवनाओ में मिल का पत्थर साबित होने मे सहयोग मिलेगा। कार्यशाला में उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौडगढ़ और राजसमंद जिलों मे राजीविका स्वयं सहायता समूह मे कार्यरत एरिया कोर्डिनेटर, आरपीआरपी, कलस्टर लेवल फेडरेशन के मैनेजर और दो-दो पदाधिकारियो सहित लगभग 850-900 महिलाओ ने भाग लिया। कार्यशाला के आमुखीकरण का प्रेजेंटेशन राजीविका जयपुर के प्रतिनिधि राकेश और स्वप्निल, वाईपी और जिला कार्यालय के आकाश शर्मा, शुभम सोनी, ललित जिनग, मेघा चौबीसा, हरिओम सिंह राव ने दिया। अंत मे जिला परियोजना प्रबंधक ने आभार जताया।



## सीरिया में सामूहिक कब्रों का पता चला, कम से कम 26 लोगों के शव बरामद

● पदमावत मीडिया

**दमिश्क।** सीरिया में नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ताओं ने दमिश्क के ग्रामीण क्षेत्र में दो अलग-अलग तहखानों से 26 से अधिक लोगों के जले हुए शव बरामद किए। ये शव पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार के कथित अत्याचारों के पीड़ित लोगों के माने जा रहे हैं। इन सामूहिक कब्रों का पता चलना दिसंबर में असद सरकार के पतन के बाद से उजागर हो रही सामूहिक कब्रों की बढ़ती संख्या में इजाफा है। ऐसा माना जा रहा है कि शवों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, तथा उन पर गोली लगने और जलने के निशान हैं। सीरिया के स्वयंसेवी नागरिक सुरक्षा समूह व्हाइट हेलमेट्स के सदस्य ने सबनेह कस्बे में दो संपत्तियों के तहखानों से इन टूटे-फूटे, जले हुए कंकालों को बाहर निकाला। सुरक्षा सूट पहने इन कार्यकर्ताओं ने हर शव को चिह्नित किया और कोडिंग के बाद शवों को बैग में डालकर, ट्रकों के माध्यम से फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया। व्हाइट हेलमेट्स के बचावकर्मी अबेद अल-रहमान मव्वास ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि 28 नवंबर के बाद से संगठन ने 780 से अधिक शवों का पता लगाया है। इनमें से ज्यादातर की पहचान अज्ञात है। कुछ शव उथली कब्रों में थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने या जानवरों ने खोदकर उजागर किया। शवों को फॉरेंसिक विशेषज्ञों के पास भेजा गया है ताकि उनकी पहचान, मृत्यु का समय और कारण निर्धारित किया जा सके और शवों को उनके परिवारों को सौंपा जा सके। स्थानीय निवासी मोहम्मद अल-हेराफे ने बताया कि 2016 में जब वह अपने परिवार के साथ वापस आए, तब घर में सड़ते शवों की दुर्गंध भरी हुई थी। उन्हें तहखाने में शव मिले, लेकिन उन्होंने सरकार से डरकर इसकी सूचना नहीं दी। उन्होंने कहा, ''हम जानते थे कि यह सरकार का ही किया हुआ था, इसलिए कुछ नहीं कह सके।'' असद सरकार पर यह आरोप लगते रहे हैं कि उसने हवाई हमले, यातनाएं, फांसी और सामूहिक गिरफ्तारियां कर अपने शासन को बनाए रखा और विरोधियों का बलपूर्वक दमन किया। एक अन्य तहखाने से शव निकालने वाले अम्मार अल-सलमो ने कहा कि शवों की पहचान के लिए विस्तृत जांच की जरुरत होगी। स्थानीय निवासी मोहम्मद शिबत ने बताया कि उन्होंने 2012 में अपना इलाका छोड़ा और 2020 में लौटे, तब उन्हें तथा उनके पड़ोसियों ने शवों की जानकारी दी, लेकिन किसी ने कार्रवाई नहीं की। संयुक्त राष्ट्र सीरिया जांच आयोग की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि सामूहिक कब्रों के फॉरेंसिक विश्लेषण से लापता लोगों की सच्चाई सामने आ सकती है। रिपोर्ट में 2000 से अधिक गवाहों और 550 से अधिक यातना पीड़ितों की गवाही के आधार पर बताया गया कि कैसे असद शासन के दौरान जेलों में कैदियों को बिजली के झटके, जलाने, नाखून उखाड़ने, बलात्कार, यौन हिंसा, मानसिक और शारीरिक यातनाओं से मारा जाता था।

## 'वेस्ट बैंक' पर इजराइली गोलीबारी में दो फलस्तीनी मारे गए: अधिकारी



● पदमावत मीडिया

फलस्तीनी मंत्रालय अपनी रिपोर्ट में यह नहीं बताता है कि हताहतों में कितने आम नागरिक और कितने लड़ाके हैं। इस संबंध में इजराइल की सेना ने अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। कब्जे वाले 'वेस्ट बैंक' पर मंगलवार रात और बुधवार को इजराइली गोलीबारी में दो फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। तुलकरम में गोलीबारी में 23 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और जेनिन में एक हमले में 25 वर्षीय एक व्यक्ति मारा गया। फलस्तीनी मंत्रालय अपनी रिपोर्ट में यह नहीं बताता है कि हताहतों में कितने आम नागरिक और कितने लड़ाके हैं। इस संबंध में इजराइल की सेना ने अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। हमास के इजराइल पर सात अक्टूबर, 2023 के हमले के बाद से 'वेस्ट बैंक' मेंहिंसा में वृद्धि देखी गई है। फलस्तीनी मंत्रालय का कहना है कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध में 800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। पश्चिम एशिया में 1967 के युद्ध में इजराइल ने 'वेस्ट बैंक', गाजा और पूर्वी यरुशलम पर कब्जा कर लिया था।

## अजमेर में एसीबी ने रिश्वत लेते कांस्टेबल को रंगे हाथों पकड़ा, घूस के पैसे नहीं मिले तो गिरवी रखवा ली सोने की अंगूठी

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कांस्टेबल और उसके साथी ईमित्र संचालक को दो हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है. यह ट्रैप एसीबी अजमेर की टीम ने एडिशनल एसपी के नेतृत्व में किया गया. आरोप था कि भिनाय थाने में तैनात कांस्टेबल अर्जुनराम मीणा ने एक मामले में राजीनामा हो जाने के बाद प्रकरण को बंद करने की एवज में दस हजार रुपए की मांग की थी. 15 दिसंबर 2024 को उसने पहले तीन हजार रुपए ले लिए और बाकी के चार हजार रुपए के बदले परिवादी की सोने की अंगूठी ईमित्र संचालक विक्रम शर्मा के पास गिरवी रखवा दी। ईमित्र संचालक को बना रखा था दलाल इस संबंध में 18 दिसंबर 2024 को एसीबी में शिकायत दर्ज कराई गई थी. जिसके सत्यापन में चार हजार रुपए रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई. आज एसीबी ने कार्रवाई करते हुए परिवादी द्वारा



आरोपी ईमित्र संचालक को दो हजार रुपए देते ही उसे पकड़ लिया. कांस्टेबल अर्जुनराम मीणा पर आरोप है कि उसने पूरी रिश्वत राशि के लिए ईमित्र संचालक विक्रम शर्मा को माध्यम बनाया था, जिसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। रिश्वतखोरी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. राजस्थान एसीबी के डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कड़ा संदेश माना जा रहा है. प्रशासन की सख्ती से स्पष्ट है कि रिश्वतखोरी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान, उदयपुर शाखा के चुनाव सम्पन्न

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान की उदयपुर शााखा के नए कार्यकारिणी वर्ष 2025 - 2029 हेतु चुनाव हुए। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक जैन ने बताया कि हर तीन साल में नई कार्यकारिणी के उदयपुर शाखा के चुनाव होते है, जोकि इस बार सेक्टर 14 स्थित आईसीएआई भवन में हुए, इसमें 10 उम्मीदवार नामांकित हुए। चुनाव अधिकारी सीए अंशुल मोगरा व उनकी चुनाव समीति सदस्य सीए विरेन्द्र सिंह नाहर, सीए गौरव व्यास, सीए विनिता सिंघवी एवं सीए विमल सुराणा और जयपुर से पधारे सीए मनोज अग्रवाल (चुनाव ऑब्जरवर) के नेतृत्व में प्रातःकाल चुनाव आरम्भ हुए जो कि सायंकाल में निश्चित समय तक वोट



डाले गए। अध्यक्ष सीए रौनक जैन ने जानकारी देते हुये बताया कुल 834 वोट पड़े और वोटों की गिनती के लिये विषेश रूप से सीए इन्स्टीटयूट की तरफ से चुनाव आयोग टीम उदयपुर आई। सोमवार 27 को पूरे दिन वोट की गिनती होने पर 10 में से 07 उम्मीदवार नई कार्यकारिणी के लिये चुने गये। जीत दर्ज करने वाले उम्मीदवार सीए राहुल माहेश्वरी, सीए चिराग धर्मावत, सीए सौरभ गोलछा, सीए कपिल कुमार जोशी, सीए धर्मेन्द्र सिंह कोठारी, सीए अरूणा गेलड़ा, सीए अंशुल कटेजा रहे। अध्यक्ष जैन ने बताया कि फरवरी माह में नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी के नाम घोषित किये जायेगें। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पुरी कार्यकारिणी की घोषणा होगी। इस दौरान पुरानी कार्यकारिणी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

# उदयपुर के सतत विकास के लिए प्रमुख सरकारी बंगलों का पुनः उपयोगः एक दूरदर्शी प्रस्ताव



यशवर्धन राणावत
गेस्ट राइटर

● पद्मावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर अपनी समृद्ध विरासत और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। इस शहर को विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। इस संदर्भ में, पी.पी. सिंघल रोड स्थित एसपी बंगला, ट्राइडेंट रोड स्थित आईजी बंगला, तथा कोर्ट भवन के पास स्थित कलेक्टर बंगला अत्यंत महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थित हैं, जिन्हें नए स्वरूप में ढालकर शहर के सतत विकास में योगदान दिया जा सकता है।

**दृष्टिकोण:** इस प्रस्ताव के तहत, राज्य सरकार द्वारा इन ऐतिहासिक बंगलों को संग्रहालय, बहु-स्तरीय पार्किंग और पर्यटक-हितैषी स्थलों के रूप में विकसित किया जा सकता है। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों के आवासों को 100 फीट रोड और सौभागपुरा सर्कल जैसे विकसित क्षेत्रों में अत्याधुनिक अपार्टमेंट परिसरों में स्थानांतरित किया जा सकता है।

## प्रस्ताव के लाभ

1. प्रमुख स्थानों का सर्वोत्तम उपयोग
वर्तमान में ये सरकारी बंगले विशाल क्षेत्र में फैले हुए हैं, जिनमें केवल कुछ प्रशासनिक अधिकारी और उनके परिवार निवास करते हैं। इतनी बड़ी भूमि का केवल व्यक्तिगत आवास के लिए उपयोग, संसाधनों की बर्बादी है। यह जमीनें बेशकीमती हैं।
इन स्थानों को संग्रहालय और बहु-स्तरीय पार्किंग में परिवर्तित करने से दो प्रमुख समस्याओं का समाधान होगा।
यातायात जाम में कमी होगी। प्रमुख पर्यटन स्थलों के पास पार्किंग की सुविधा मिलने से शहर में भीड़भाड़ कम होगी।
पर्यटन बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा। इन ऐतिहासिक बंगलों की औपनिवेशिक वास्तुकला और आर्किटेक्चर को संरक्षित करते हुए इन्हें संग्रहालयों के रूप में विकसित किया जा सकता है, जो शहर के इतिहास, कला और संस्कृति को प्रदर्शित करेंगे और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे।
2. प्रशासनिक अधिकारियों के जीवन स्तर में सुधार होगा
अधिकारियों को सौभागपुरा और 100 फीट रोड जैसे क्षेत्रों में आधुनिक अपार्टमेंट परिसरों में स्थानांतरित करने से उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जैसे कि
अत्याधुनिक एवं विशाल फ्लैट
जिम, उद्यान, स्विमिंग पूल, बच्चों के खेलने के स्थान और मंदिर










उन्नत सुरक्षा प्रणाली और अधिकारियों का एक सुसंगठित समुदाय साथ रह पाएगा
एक ही परिसर में सभी अधिकारियों के रहने से समन्वय और कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी, जिससे प्रशासनिक कार्यों में भी सुधार आएगा।
3. शहर के लिए दोहरा लाभ
जहां एक ओर इन प्राचीन बंगलों का उपयोग सार्वजनिक हित में किया जाएगा, वहीं अधिकारियों को भी बेहतर जीवन स्तर प्राप्त होगा, जिससे यह सभी हितधारकों के लिए लाभदायक रहेगा।
संग्रहालयों के साथ छोटे रात्रि बाजार और स्थानीय व्यंजन केंद्र विकसित किए जा सकते हैं, जो न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षक होंगे बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेंगे।
4. विरासत संरक्षण के साथ आधुनिक उपयोगिता
इन ऐतिहासिक बंगलों की स्थापत्य कला को संजोते हुए उन्हें संग्रहालयों के रूप में पुनर्जीवित किया जा सकता है। इससे शहर के समृद्ध इतिहास को संरक्षित करने के साथ-साथ पार्किंग और भीड़ नियंत्रण जैसी शहरी चुनौतियों का समाधान भी संभव होगा।

## प्रस्ताव के मुख्य घटक

### 1. बंगले का पुनरुद्धार

एसपी बंगला (पी.पी. सिंघल रोड) इसे एक बहु-स्तरीय पार्किंग केंद्र में बदला जा सकता है, जहां छत पर एक कैफे और बंगले में इतिहास, कला व संस्कृति को दर्शाने वाली आर्ट गैलरी स्थापित की जा सकती है।
आईजी बंगला (ट्राइडेंट रोड)ः इसे राजस्थान के इतिहास में उदयपुर की भूमिका को प्रदर्शित करने वाले संग्रहालय के रूप में विकसित किया जा सकता है, साथ ही पर्यटकों के लिए हस्तशिल्प और स्थानीय व्यंजनों का बाज़ार भी बनाया जा सकता है।
कलेक्टर बंगला (कोर्ट भवन के पास): इसे एक धरोहर संग्रहालय के रूप में बदला जा सकता है, जहां पर्यटकों के लिए छोटे बुटीक स्टोर और रेस्टोरेंट्स की सुविधा हो सकती है।

### 2. प्रशासनिक अधिकारियों के लिए आधुनिक फ्लैट

सौभागपुरा या 100 फीट रोड के पास एक विशेष अपार्टमेंट परिसर विकसित किया जाए।
इसमें पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं और सामुदायिक विकास को ध्यान में रखते हुए निर्माण किया जाए।
अधिकारियों को एक साथ रहने से कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और संतुलित जीवनशैली का लाभ मिलेगा।

### 3. पर्यटन और बुनियादी ढांचे का समन्वय

संग्रहालयों में रात्रि बाजार और स्थानीय व्यंजन केंद्र विकसित किए जा सकते हैं, जिससे शहर को नई पहचान मिलेगी।
बहु-स्तरीय पार्किंग सुविधा से पर्यटन क्षेत्रों में भीड़भाड़ कम होगी और शहर अधिक सुगम बनेगा।
राजस्थान सरकार के आय स्रोत में वृद्धि होगी, युवाओं को नया व्यवसाय मिलेगा, नई नौकरियाँ निकलेंगी।

## उदयपुर 2047 के लिए यह दृष्टि क्यों महत्वपूर्ण है?

भविष्य में उदयपुर को एक वैश्विक पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए हमें हर संसाधन का विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा। इन प्रमुख सरकारी बंगलों को एक नई उपयोगिता देकर, हम न केवल अपनी विरासत को संरक्षित कर सकते हैं बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं को भी पूरा कर सकते हैं। यह विचार और भी सरकारी बंगलों के लिए क्रियान्वयन में लिया जा सकता है।
यह प्रस्ताव आउट-ऑफ-द-बॉक्स सोच का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। संसाधनों के प्रभावी उपयोग और शहरी विकास के दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ, उदयपुर को एक सतत विकास मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।
अब कार्य करने का उपयुक्त समय है!
यदि इस प्रस्ताव को लागू किया जाता है, तो उदयपुर न केवल अपने अतीत का सम्मान करेगा बल्कि वर्तमान समस्याओं का समाधान करते हुए भविष्य के लिए एक उज्जवल और समावेशी मार्ग प्रशस्त करेगा। लेखक होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष और बिज़नेस सर्किल इंडिया टूरिज़्म के चार्टर अध्यक्ष भी हैं।

# पुणे में आयोजित राष्ट्रीय चेस्ट सम्मेलन में पीएमसीएच के डॉ.अतुल लुहाड़िया ने विषय विशेषज्ञ के साथ ही पैनल डिस्कशन में की चर्चा

● पद्मावत मीडिया




**उदयपुर।** पुणे में आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चेस्ट सम्मेलन नेपकोन में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल,उदयपुर के प्रख्यात टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ.अतुल लुहाड़िया को फ़ैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया। इस सम्मेलन में देशभर के फेफड़ों और श्वसन संबंधी रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, नवीनतम शोध एवं उपचार तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन के दौरान डॉ.लुहाड़िया ने नॉन-ट्यूबरकुलर माइकोबैक्टेरिया (एन.टी.एम.) पर पैनल डिस्कशन में भाग लिया। पैनल डिस्कशन के दौरान उन्होने कहा कि यह रोग क्षय रोग (टीबी) से काफी मिलता-जुलता है,लेकिन इसके कारण और उपचार प्रक्रिया भिन्न होती है। एन.टी.एम. संक्रमण मुख्य रूप से उन मरीजों को प्रभावित करता है जिनका प्रतिरक्षा तंत्र (इम्यून सिस्टम) कमजोर होता है या जिन्हें पुरानी फेफड़ों की बीमारियाँ होती हैं, जैसे कि ब्रोंकिइक्टेसिस या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज । डॉ.अतुल लुहाड़िया ने बताया कि एन.टी.एम. संक्रमण का सही समय पर निदान और उचित इलाज आवश्यक है, क्योंकि यह लंबे समय तक चलने वाला जटिल संक्रमण हो सकता है। इसके उपचार की अवधि टीबी की तुलना में अधिक होती है और इसमें कई महीनों से लेकर वर्षों तक दवाओं का सेवन करना पड़ता है। डॉ. लुहाड़िया ने इस रोग के इलाज के सिद्धांतों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। सम्मेलन में डॉ.लुहाड़िया ने इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी सिम्पोजियम में भी विषय विशेषज्ञ (सब्जेक्ट एक्सपर्ट) के रूप में भाग लिया। उन्होंने फेफड़ों और श्वसन तंत्र में फंसी किसी बाहरी वस्तु (फॉरेन बॉडी) या गांठ (ट्यूमर) के निदान और उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि आधुनिक ब्रोंकोस्कोपी तकनीक की सहायता से साँस की नली में फंसी हुई किसी भी बाहरी वस्तु (जैसे सिक्का, खाद्य पदार्थ का टुकड़ा, प्लास्टिक आदि) को बिना सर्जरी के सुरक्षित तरीके से निकाला जा सकता है। यह तकनीक विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्ग मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होती है। इसके अलावा, फेफड़ों में गांठ या ट्यूमर के निदान एवं उपचार में एडवांस्ड ब्रोंकोस्कोपी तकनीकों की भूमिका पर भी उन्होंने अपने विचार रखे।

## वृक्षम अमृतम संस्थान ने वृक्षारोपण कर मनाया गणतंत्र दिवस

# पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओः गोपेश शर्मा



● पद्मावत मीडिया

**उदयपुर।** वृक्षम अमृतम संस्थान उदयपुर में अध्यक्ष गोपेश शर्मा के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेनार में आम,नीम, आंवला व कनेर के 51 पेड़ लगाकर गणतंत्र दिवस मनाया। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य जालम सिंह थे। मुख्य अतिथि सरपंच प्रमोद कुमार थे। विशिष्ट अतिथि मांगी लाल सिंगावत, पुष्कर मेनारिया थे। सभी अतिथियों ने पर्यावरण क्षेत्र श्रेष्ठ करने के लिए व हरा भरा राजस्थान बनाने के के संकल्प के लिए वृक्षम अमृतम संस्थान के अध्यक्ष गोपेश शर्मा ,उपाध्यक्ष अनिल पारीक, सचिव यशवंत त्रिवेदी, एग्जीक्यूटिव मेंबर लविश चपलोत, महेश उपाध्याय को पगड़ी पहनकर ,उपरणा ओढ़ाकर, प्रसंशा पत्र देखकर सम्मान किया। कार्यक्रम में भामाशाह राधेश्याम दियावत ने भोजन व्यवस्था की। संचालन सुरेश कुमार गरबडा ने किया।

# रंगशाला में 'सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' नाटक 2 फरवरी को

● पद्मावत मीडिया

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में रविवार 2 फरवरी 2025 को नाटक 'सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला रविवार 2 फरवरी 2025 को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में 'सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' नाटक का मंचन रंग विदूषक संस्था भोपाल द्वारा किया जाएगा। इस नाटक के लेखक राजेश जोशी तथा निर्देशक पद्मश्री स्व. बंशी कौल है। इस नाटक में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## नाटक की कहानी

एक अमीर जमींदार का बेटा कभी स्कूल नहीं गया। वह अपना समय गली के खेल खेलने और अपने साथियों के साथ पतंग उड़ाने में बिताता है, जिससे एक तरह की लुम्पेन संस्कृति पैदा होती है। एक दिन एक नजूमी तुक्कू में एक आसान आय देखता है। वह तुक्कू के पास जाता है और उसे बताता है कि वह शाही दरबार में एक उच्च अधिकारी बनने के योग्य है। अगर वह शाही परीक्षा में शामिल होता है तो वह पहले तीन पदों में से एक हासिल कर लेगा। घटनाओं के मोड़ से काफी खुश होकर, तुक्कू नजूमी को उदारता से पुरस्कृत करता है। तुक्कू राजधानी पहुँचता है। शाही मुहर के बल पर, तुक्कू का शाही दरबार में एक अधिकारी बनने का सपना आखिरकार साकार होता है। तुक्कू के मूर्खतापूर्ण निर्णयों का दरबार में स्वागत किया जाता है। हालाँकि, यह मस्कारा ही है जो शुरू से ही तुक्कू की मूर्खता को देख लेता है। नवाब को उनके जन्मदिन पर प्रशंसात्मक कविता भेंट करने का तुक्कू का जल्दबाजी और अनुचित निर्णय उसे अंततः निरक्षरता की समस्या से रूबरू कराता है। बूढ़ा अफसर, जो तुक्कू की निरक्षरता का रहस्य जानता है, इसका पूरा फायदा उठाता है और तुक्कू की ओर से कविता लिखता है। जैसे ही कविता का पाठ शुरू होने वाला होता है, विद्रोही महल पर आक्रमण कर देते हैं और नवाब के शासन को समाप्त कर देते हैं। नया नवाब, जो तुक्कू द्वारा लिखी गई बातों से बहुत प्रभावित होता है, तुक्कू को अगला नवाब बनाकर सम्मानित करता है।

## जिला कलेक्टर ने ली विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# विभिन्न योजनाओं और संपर्क पोर्टल के मामलों पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करेंः जसमीत सिंह संधू

● पद्मावत मीडिया

**सलूंबर।** जिला कलेक्टर ने बुधवार को विभागीय कार्यो की साप्ताहिक बैठक की समीक्षा की और अधिकररियों को कहा कि वे लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य को समय रहते पूरा करें और आमजन को राहत दे। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने समाज कल्याण विभाग,पशुपालन, रसद, चिकित्सा विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में पेंशन, पालनहार सत्यापन कार्य में गति लाने को लेकर अपने अपने ब्लॉक स्तर पर समीक्षा बैठक करने के भी निर्देश दिये। बैठक में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति में लक्ष्य के अनुरुप काम करते हुए शत प्रतिशत उपलिब्ध अर्जित करने के निर्देश दिये। बैठक में ई केवाईसी व आयुष्मान कार्ड को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कहा कि वे इस कार्य को गंभीरता से ले। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं और संपर्क पोर्टल के मामलों पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। प्रकरणों का समयबद्ध त्वरित निस्तारण करें। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रजापति समाज की कुलदेवी श्रीयादे देवी की जयंती 31 को

● पद्मावत मीडिया

**उदयपुर।** प्रजापति समाज की कुलदेवी श्री यादे देवी की जयंती 31 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाएगर। मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड चौखला के मीडिया प्रभारी ने बताया कि ग्राम पंचायत दरौली में बने माताजी मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि पूर गांव में भ्रमण करेगी और मंदिर परिसर में इसका समापन होगा। मेवाड चौखले के अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापति ने बताया जयंती के मौके पर होने वाले भव्य समारोह के मुख्य अतिथि देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना होगें वहीं मंदिर परिसर में बनी धर्मशाला का उद्घाटन भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चम्पालाल गेदर करेंगे। उन्होंने जंयती के पूर्व संध्या पर भगवान सत्यनारायण की कथा व भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। भजन संध्या में गायकलाकार भजनों की प्रस्तुतिया देगें। चौखले के महामंत्री लक्ष्मीलाल प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरचंद प्रजापति करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर समाज की ओर से बनाई गई टेलिफोन डायरेक्ट्री का विमोचन करवाया जाएगा। संयुक्त महामंत्री डीसी प्रजापत ने बताया कि इस मौके पर मंदिर परिसर में बनी धर्मशाला का उद्घाटन का करवाया जाएगा। चौखले के सचिव प्रकाश प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, उदयपुर देहात भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष और उपजिला प्रमुख पुष्कर तेली, राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के प्रदेशाध्यक्ष मोडीलाल सेम्बारा, वागड मेवाड प्रजापति समाज संस्थान के संभागीय अध्यक्ष डूंगरलाल प्रजापति, देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष भंवर सिंह पंवार, चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, भाजपा प्रत्याशी एवं मावली विधानसभा प्रभारी कृष्ण गोपाल पालीवाल, सरस डेयरी के चैयरमैन डालचंद डांगी मौजूद रहेंगे।

# श्रावक को दान चार प्रकार के, उसमे भी उत्कृष्ट आहार दान- मुनि 108 श्री अनुपम सागर जी महाराज

● पद्मावत मीडिया

**देवली।** चर्या शिरोमणि आचार्य108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के युगल शिष्य में मुनि श्री 108 अनुपम सागर जी महाराज ने एवम श्रमण मुनि 108 श्री यतीन्द्र सागर जी महाराज ने आज धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए दान की महिमा को बताया की प्रत्येक श्रावक को दान करना चाहिए, दान चार प्रकार के बताए गए उसमे आहार दान, औषध दान, ज्ञान दान, अभय दान। इन सबमे भी सर्वश्रेष्ठ आहार दान को महत्व दिया गया, ओर बताया की श्रावक के आवश्यक कर्तव्यों में से साधु को आहार दान देना भी आवश्यक है! ओमप्रकाश जैन (टोरडी) ने बताया की इसी श्रंखला में युगल मुनिराज ने जीवन जीने की कला एवं क्रोध पर नियंत्रण की विधि भी सिखाई! मुनि श्री ने क्रोध के लक्षण बताते हुए बताया की भुख न लगना, नशा करना, अपशब्दों का प्रयोग करना, बड़बड़ करना, नजरें न मिलाना, अकेला पन महसूस करना, अभक्ष्य पदार्थो का सेवन करना, उपेक्षा करना जैसे कई उदाहरण दिए जो की मनुष्य के क्रोध का निमित्त बनते है और इसी क्रोध में मनुष्य अपने गृहकलेश का कारण बनता है, घर की शांति भंग करने के निमित बनते है! मुनि श्री ने इनका निदान बताते हुए बताया की हमे सदैव शुद्ध शाकाहरी भोजन करना चाहिए, क्रोध आने पर पहले 2मिनिट सोचकर फिर उसपे प्रतिकिर्या देनी चाहिए, जिद पे नही अड़ना चाहिये, सोने का समय निर्धारित होना चाहिए, 10 बजे तक सोने का एवं 5.30 तक हर सम्भव उठ जाना चाहिए यही सर्वश्रेष्ठ समय होता है, ओर भी कई उदाहरण मुनि श्री ने क्रोध को नियंत्रण करने के संदर्भ में दिए! दिनांक




29 जनवरी के प्रवचन युगल मुनिराज ने महावीर मन्दिर गांधी पार्क के पास में किये! युवा परिषद प्रवक्ता विकास जैन (टोरडी) ने अधिक जानकारी देते हुए बताया की मुनि संघ के सानिध्य में 28 जनवरी की शाम भगवान आदिनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक दिवस के उपलक्ष्य में संगीतमय भक्तामर स्त्रोत का पाठ महाआरती का आयोजन पार्श्वनाथ धर्मशाला में हुआ! महाआरती करने का सौभाग्य शिखर चंद जी, उत्तम कुमार जी, संजय जैन कालेड़ा परिवार को प्राप्त हुआ! उससे पूर्व मुनि संघ के सानिध्य में शांतिनाथ जैन मंदिर में 1008 मन्त्रो के साथ भगवान की शांतिधारा करवाई गई! मुनि संघ ने 29 जनवरी को दोपहर 3 बजे देवली से जहाजपुर के लिए विहार किया, ओर मुनि संघ ने समाज को एकता के सूत्र में पिरोये रखने की बात कही और कहा की सन्त आते है चले जाते है लेकिन समाज को सदैव एक मुठी की भांति बन्द कर रहना चाहिए! जहां मुनि श्री के केशलोंच सम्पन्न होंगे! मुनि श्री का विहार केकड़ी से इंदौर के लिए चल रहा है एवं सम्भवतः मुनि संघ मार्च के अंत तक इंदौर सुमति धाम पहुंचेंगे जहां अचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का पट्टाचार्य महोत्सव मनाया जाएगा जिसमे लगभग 450 साधु साध्वी तथा कई गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे! मुनि संघ के विहार में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया एवं संघ का रात्रि विश्राम बोरानी में होगा!

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।